an>

Title: Need to construct under-bridges on National Highway No. 79 in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79 पर सिक्सलेन का कार्य किशनगढ़ से चित्तौड़गढ़ खण्ड में चल रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा (राज.) से गुजर रहा है। मैंने समय-समय पर आवश्यकतानुसार अण्डरब्रिज बनाने का आग्रह किया है। चूंकि अनेक गांवों को यह सड़क विभाजित कर रही है किसानों के खेत हाइवे के दूसरी तरफ आ गये हैं। इसलिए आमजन एवं पशुधन का भी सड़क के उस पार आना-जाना रहता है। इस संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण अण्डरब्रिज जिनको बनाया जाना आवश्यक है उसमें CH 91.670 तस्वारिया चौराहा, CH 110+290 लिरड़िया खेड़ा चौराहा, CH 105+110 सनोदिया गांव, व भीलवाड़ा शहर से नजदीक फुटिया चौराहा अडण्डरब्रिज एवं आश्रम चौराहा (मंगलपुरा हाथीभाटा वार्ड नं.-1 भीलवाड़ा) अण्डरब्रिज का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

मैं आग्रह करता हूं कि इस दिशा में शीघ्र निर्देश देने की कार्यवाही सड़क एवं परिवहन मंत्री महोदय द्वारा की जाए।